*सार्वजनिक सूचना*

# *हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय*

*दिनांक , 28-10-2015*

*हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में वर्तमान में तीन पद फ्राश(चतुर्थ श्रेणी) वेतनमान 4900-10680+1300 ग्रेड पे+240 सचि0 वेतन, दो पद चौकीदार वेतनमान 4900-10680+1300 ग्रेड पे+560 सचि0 वेतन व दो पद माली (चतुर्थ श्रेणी), वेतनमान 4900-10680+1300 ग्रेड पे+240 सचि0 वेतन जिन्हें भरने हेतु पात्र प्रत्याशियों से संलग्न प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदनों के विधान सभा सचिवालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 21.11.2015 तथा जिला लाहौल-स्पिति, जिला किन्नौर, जिला चम्बा के पांगी एवं भरमौर उप-मण्डल और जिला शिमला के उप-मण्डल डोडरा-क्वार के उम्मीदवारों के सम्बन्ध में आवेदन प्रत्र प्राप्त होने की तिथि 05.12.2015 निर्धारित की गई है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले तथा अधूरे एवं त्रुटिपूर्ण आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में प्रत्याशी का पूर्ण बायो-डाटा, हिमाचली प्रमाण पत्र (Bonafide HImachali Certificate) तथा इससे सम्बन्धित प्रमाण-पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित(self-attested) प्रतियां तथा पासपोर्ट साइज (Passport Size) के दो सत्यापित छायाचित्र (Latest self attested Photographs) भी संलग्न होने चाहिए और फीस की राशि भारतीय पोस्टल आर्डर या बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, हि0 प्र0 विधान सभा, शिमला-4 के नाम(payable at Shimla) संलग्न की जानी अनिवार्य है । प्रत्याशी की आयु 01-01-2015 को 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथापि आरक्षित श्रेणियों के प्रत्याशियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट दी जाएगी। इस साक्षात्कार के माध्यम से जो रिक्तियां भरी जानी हैं उनमें बढ़ौतरी भी हो सकती है तथा उनका विवरण निम्न प्रकार से हैः-*

| क्र0 सं0 | पद का नाम व वेतनमान | पदों की संख्या तथा श्रेणी जिसके लिए आरक्षित है | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता | फीस की राशि | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सामान्य श्रेणी | आरक्षित श्रेणी |
| 1 | फ्राश (चतुर्थ श्रेणी), वेतनमान 4900-10680+1300 ग्रेड पे + 240 सचिवालय वेतन | **कुल पद- तीन**<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी)- एक पद, सामान्य श्रेणी (बी0पी0एल0)-एक पद, भूतपूर्व सैनिक (सामान्य श्रेणी)-एक पद | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से आठवीं कक्षा उतीर्ण होना चाहिए। | 200/- रूपये | 50/- रूपये |
| 2 | चौकीदार (चतुर्थ श्रेणी), वेतनमान 4900-10680+1300 ग्रेड पे + 560 सचिवालय वेतन | **कुल पद-दो**<br>अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ0बी0सी)- एक पद, सामान्य श्रेणी-एक पद | सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से आठवीं कक्षा उतीर्ण होना चाहिए। | 200/- रूपये | 50/- रूपये |
| 3 | माली (चतुर्थ श्रेणी), वेतनमान 4900-10680+1300 ग्रेड पे +24 0 सचिवालय वेतन | **कुल पद- दो**<br>भूतपूर्व सैनिक (सामान्य श्रेणी)-एक पद, सामान्य श्रेणी (बी0पी0एल0)-एक पद | ***अनिवार्यः***<br>सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान से आठवीं कक्षा उतीर्ण होना चाहिए।<br>***वांछनीय योग्यताः***<br>किसी सरकारी/ अर्धसरकारी संस्थान में माली के रूप में कार्य करने का व्यवहारिक अनुभव होना चाहिए। | 200/- रूपये | 50/- रूपये |

***हस्ताक्षरित/-***

***सचिव,***
***हि0 प्र0 विधान सभा।***

## फ्राश/चौकीदार/माली के पद हेतु आवेदन पत्र

पासपोर्ट आकार का नवीनतम स्व-अधिप्रमाणित (Self-Attested) छायाचित्र (Photograph) चिपकाया जाए ।

1. पद का नामः ______________________ (जिस पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं वह यहां भरें)

2. अभ्यर्थी का नामः ______________________________________

3. पिता/पति का नामः______________________________________

4. स्थाई पताः

______________________________________________________

______________________________________________________

5. पत्राचार हेतु पताः

_________________________________________________

_________________________________________________

_________________________________________________

6. दूरभाष नं0: ___________________

7. जन्म तिथिः ____________________(**प्रमाण पत्र की स्व-अधिप्रमाणित** (self-attested) **प्रति संलग्न की जाये**)

8. 1 जनवरी, 2015 को आयुः ________ वर्ष _________मास ________ दिन

9. क्या बोनाफाइड हिमाचली हैंः हां / नहीं (**बोनाफाइड हिमाचली प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लगाएं**)

10. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग/भूतपूर्व सैनिक से सम्बन्धित हैं,
हां / नहीं (**प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लगाएं**)

11. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्व-अधिप्रमाणित (self-attested) प्रतियां संलग्न की जाएं)

| शैक्षणिक योग्यता | परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष | बोर्ड/विश्वविद्यालय जहां से परीक्षा उत्तीर्ण की है | प्राप्त अंकों की प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

12. यदि सरकारी सेवा में हो तो निम्नानुसार विवरण दीजिएः

| विभाग/कार्यालय का नाम जहां पर कार्यरत हैं | पद जिस पर कार्यरत हैं | सेवा अवधि | | वेतनमान | वर्तमान मूल वेतन (Basic Pay) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | से | तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

13. सेना सेवा का पूर्ण विवरणः

| रेजिमेंट/ कोर | पद जिस पर कार्यरत थे | सेवा अवधि | |
|---|---|---|---|
| | | से | तक |
| | | | |
| | | | |

14. डिमान्ड ड्राफ्ट/भारतीय पोस्टल ऑर्डर
संख्याः ____________________ तिथि _____________ राशि ___________

15. अनुभव या कोई अन्य जानकारी जो अभ्यर्थी देना चाहता हो :_________________________________

_______________________________________________________________

स्थानः_____________

तिथिः_______________ (**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**)

नाम साफ अक्षरों मेंः______________________

----------------------------- *प्रवेश पत्र*------------------------------

# *हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय*

*शिमला-171004.*

***रोल नम्बर*……………………...**

*(कार्यालय उपयोग हेतु)*

(प्रार्थी द्वारा स्वयं भरने हेतु)

| |
|---|
| *नवीनतम स्व-अधिप्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपका हो। फोटो चिपकाने के लिए पिन या स्टेपलर का उपयोग न करे...* <br><br> *(Latest self attested passport size photograph be affixed. Do not use pin or stapler to fix the photograph.)* |

प्रार्थी का नाम…………………………………………………….

पत्राचार हेतु पता…………………………………………………….

………………………………………… ……………….

………………………………………… ……………….

दूरभाष नं0………………………………

पद का नाम…………………………………………………(जिस पद हेतु आवेदन करना है)

*<u>(केवल कार्यालय उपयोग हेतु)</u>*

साक्षात्कार का स्थान- हि.प्र. विधान सभा सचिवालय, शिमला-4/ हि.प्र. विधान सभा भवन तपोवन, धर्मशाला।

साक्षात्कार का समय…………………

साक्षात्कार की तिथि…………………

प्रार्थी के हस्ताक्षर

वीरेन्द्र कुमार गुलेरिया,
अवर सचिव (स्थापना),
हि.प्र. विधान सभा,
शिमला-4.

नोटः इस प्रवेश पत्र के साथ प्रार्थी अपने पत्राचार के पूर्ण पते सहित 6 X 4 आकार का एक लिफाफा संलग्न करें।

## सामान्य निर्देशः

1. आवेदन केवल निर्धारित प्रपत्र पर ही करें।
2. विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग प्रपत्र पर निर्धारित फीस सहित आवेदन करें। एक आवेदन पर केवल एक पद हेतु ही विचार किया जाएगा।
3. अभ्यर्थी अपने नाम, पत्राचार का पता एवं अन्य जानकारी साफ एवं शुद्ध अक्षरों में दर्ज करें ताकि उनका आवेदन रद्द न हो एवं परीक्षा की जानकारी हेतु उन्हें सूचना निर्धारित समय पर दी जा सके। साथ ही अभ्यर्थी अपने सभी दस्तावेजों की स्व-अभिप्रमाणित( self-attested) छायाप्रति सहित एक 6 "X4" आकार का पत्राचार के पते सहित लिफाफा भी आवेदन पत्र के साथ संलग्न करें ।
4. आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी अपने अद्यतन (latest) पासपोर्ट आकार का फोटोग्राफ एवं एक फोटोग्राफ प्रवेश पत्र पर स्वहस्ताक्षरित ( self-attested) करके लगाएं। फोटोग्राफ चिपकाने हेतु पिन या स्टेपलर का उपयोग न करें। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि फोटोग्राफ अच्छे से चिपके हों। बिना फोटोग्राफ का आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।
5. अभ्यर्थी ,जो अन्य सरकारी, गैर-सरकारी कार्यालयों में कार्यरत हैं, उन्हें अपना आवेदन नियुक्ति प्राधिकारी (appointing authority) के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। हालांकि वह अपना आवेदन/ अग्रिम प्रति (advance copy) निर्धारित फीस एवं दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि तक इस सचिवालय में प्रेषित कर सकते हैं।
6. फीस को किसी भी सूरत में वापिस नहीं लौटाया जाएगा।
7. भूतपूर्व सैनिकों एवं दृष्टिहीन व्यक्तियों से फीस नहीं ली जाएगी, परन्तु जो भूतपूर्व सैनिक अपने अनुरोध पर सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें फीस में छूट नहीं दी जाएगी।
8. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्याथियों को फीस में छूट से सम्बन्धित दस्तावेज़ आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य हैं। साथ ही अभ्यर्थी को सम्बन्धित दस्तावेज़ की मूल प्रति साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करनी होगी।
9. अभ्यर्थी की आयु दिनांक 01.01.2015 को 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को नियमानुसार आयु में छूट दी जाएगी।
10. अभ्यर्थी आवेदित पदानुसार वांछित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं पूर्ण करता हो।
11. अधूरे एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
12. चतुर्थ श्रेणी के पदों हेतु 50 अकों की लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा जिसमें हिमाचल का सामान्य ज्ञान, आठवीं कक्षा के समकक्ष हिन्दी एवं अंग्रेजी से सम्बन्धित बहु विकल्प प्रश्न (Multiple Choice Question) पूछे जाएंगे। कुल अंकों के 50 प्रतिशत अंक उत्तीर्ण अंक होंगें। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
13. हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय इस परीक्षा को किसी भी स्तर पर रद्द करने का अधिकार रखता है।
14. आरक्षित श्रेणी से सम्बन्धित हिमाचली अभ्यर्थी ही आरक्षित पदों के लिए योग्य होगा।
15. अभ्यर्थी विभिन्न पदों हेतु निर्धारित नियमानुसार ही आवेदन करें ताकि किसी भी स्तर पर उनका आवेदन रद्द न हो।
16. आवेदन पत्र भेजने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि आवेदन पत्र अधूरा न हो तथा इसमें अभ्यर्थी ने जिन योग्ताओं एवं अन्य जानकारी आदि का उल्लेख किया गया है, उन सभी की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रतियां, पत्राचार हेतु एक लिफाफा, फोटोग्राफ आदि संलग्न हों।
17. इन पदों हेतु लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार का आयोजन हिमाचल प्रदेश विधान सभा शिमला एवं हिमाचल प्रदेश विधान सभा भवन तपोवन (धर्मशाला), जिला कांगड़ा में हो सकता है, जिसके निर्धारण हेतु सचिव, हि0प्र0 विधान सभा पूर्णतयः सक्षम हैं।
18. इस परीक्षा हेतु कोई भी यात्रा एवं दैनिक भत्ता (TA/DA) देय नहीं होगा।
19. पूछताछ हेतु अवर सचिव, स्थापना, हि0प्र0 विधान सभा, शिमला-171004, फोन नम्बर-0177-2652683 पर सम्पर्क करें।
20. अधिक जानकारी एवं निर्धारित आवेदन पत्र हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय की वेबसाईट http://www.hpvidhansabha.nic.in/पर उपलब्ध है।

हस्ताक्षरित/-

सचिव,
हि0प्र0 विधान सभा।